## एक नजर में

### भागवत जैसे ग्रंथ सही दिशा में बढ़ा सकते हैं आगे

**इंदौर** . राम नाम की भक्ति का बीज समूचे ब्रह्माण्ड को लहलहा देता है, तो हमारे कृष्ण की भक्ति का माधुर्य भी समूचे विश्व को आज तक प्रेम एवं रस के बंधन में बांधे हुए है. इतिहास संग्रह करने वालों को नहीं, त्याग करने वालों को याद रखता है. भौतिकवाद की चकाचौंध में फंसकर हम आधुनिकता के सम्मोहन में खोकर सनातन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं. हमारे भागवत जैसे धर्म ग्रन्थ ही हमें सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं. ये विचार हैं श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के, जो उन्होंने बुधवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर राम एवं कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पहले व्यासपीठ का पूजन प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, सुभाष बजरंग, राधेश्याम गुरूजी, कैलाशनारायण बंसल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, राजेश चौधरी, अनिल चौधरी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, श्याम मोमबत्ती, दीपचंद अग्रवाल आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी अवनि-अनंत अग्रवाल, गोविन्द मंगल, गोपाल मंगल, विनीता-अक्षत अग्रवाल, चंचल अग्रवाल आदि ने की. कथा में आज भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. संयोजक संजय मंगल ने बताया कि कथा 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक होगी.

### मोक्ष के लिए भागवत की शरण जरुरी

**इंदौर** . भागवत वह कथा है जो जन्म जन्मान्तर के पुण्योदय के बाद नसीब होती है. भागवत को चाहे कल्पवृक्ष कह लें, महासागर अथवा सदगुणों का खजाना-सबका सार यही है कि जीवन को मोक्ष की ओर प्रवृत्त करना है तो भागवत की शरण जरुरी है. भगवान के अवतार सज्जनों के कल्याण और दुर्जनों के विनाश के लिए ही होते हैं. रामायण जीना सिखाती है और भागवत मरना अर्थात मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग दिखाती है. राजस्थान के प्रख्यात भागवताचार्य पं. सतीशचन्द्र शर्मा ने बुधवार को श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में शुकदेव जन्म एवं अमरनाथ कथा प्रसंग के दौरान उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व मुख्य यजमान श्रीमती श्यामा नरेश मित्तल, उषा-सुशील अग्रवाल, पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग भमोरी, सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, संयोजक राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग, उमेश मंगल, संतोष गोयल, राजा अग्रवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी पंचायत के प्रमुख रामचरण अग्रवाल, कैलाश मित्तल, अरविन्द गोयल, प्रमोद अग्रवाल आदि ने की. संचालन महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका पोत्दार ने किया और आभार माना सुशील अग्रवाल ने. कथा 1 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी.

### अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 30 से

**इंदौर** . अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक का आयोजन 30-31 मई को एबी रोड, राऊ चौराहा के आगे सिमचा आइसलैंड पर आयोजित की गई है। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सानिध्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल कुक्की (इंदौर) की अध्यक्षता में होने वाली इस दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ शनिवार 30 मई को दोपहर 1 बजे से होगा. बैठक में समाज से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार मंथन कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे. इस मौके पर संगठन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, सभी प्रदेशों के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति इंदौर के सभी पूर्व अध्यक्ष भी शामिल होंगे, जिनका राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी किया जाएगा. संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश भारुका ने बताया कि बैठक में समाजहित से जुड़े अनेक ज्वलंत विषयों पर विचार मंथन तो होगा ही, संगठन द्वारा प्रस्तावित आगामी कार्यक्रमों और अन्य योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा. मुख्यरूप से समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी इस बैठक में प्रस्ताव पारित किए जाएँगे.

### तुकोगंज जैन समाज के चुनाव में लुहाड़िया अध्यक्ष

**इन्दौर** . तुकोगंज जैन समाज के वार्षिक चुनाव जाल सभाग्रह मे सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए. समाज की साधारण सभा मे सभी सदस्यो की आपसी सहमति से समत हेमा लुहाडिया को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया. कार्यक्रम की शुरुआत मे मे अतिथियों का स्वागत किया गया, इसके बाद मुख्य वक्ता के रुप मे विनय बाकलीवाल श्रीमती रानी डोषी एवं हसमुख गांधी ने ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज की प्रगति और एकता पर जोर देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनायें दी. पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन अजित जैन और अक्षय अजमेरा द्वारा किया गया.

### अधिक मास की आलोचना करना धर्म के विरुद्ध

**इंदौर** . इंदिरा गांधी नगर के मां मंदिर में अधिक मास के उपलक्ष में शाम 4 से 6.30 बजे तक पंडित बलभद्र शर्मा द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है. इस संदर्भ साहित्यकार हरेराम वाजपेई ने बताया कि आज की कथा में मुख्य दो प्रसंग आए पहले अधिक मास जिसे पुरुषोत्तम भी कहा जाता ह. इससे विशेष तौर से ईश्वर की आराधना के लिए अतिरिक्त समय मिलता है जो लोग इसकी आलोचना करते हैं. उनका कार्य धर्म के विरुद्ध है. दूसरे प्रसंग में द्रोपदी के पूर्व जन्म की कथा बताई कि किस प्रकार से ऋषि कन्या को उसके अहंकार के कारण दुर्वासा ऋषि ने श्राप दिया कि उसके पांच पति होंगे लेकिन वरदान स्वरुप यह भी कहा की पांचो पति ज्ञानी धर्म परायण और महाबली होंगे. साथ ही द्रौपदी संसार में पूजनीय नारियों में अनंत काल तक मानी जाएगी.

### द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास की तैयारियां प्रारंभ

इंदौर. त्रिस्तुतिक सम्प्रदाय के गच्छाधिपति नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. आदि साधू-साध्वी वृन्द का वर्ष 2026 का ऐतिहासिक द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास इंदौर में आयोजित होने जा रहा है. यह चातुर्मास एयरपोर्ट रोड स्थित केसर वाटिका में संपन्न होगा. चातुर्मासकी तैयारियाँ व्यापक स्तर पर प्रारंभ हो चुकी हैं. चातुर्मास समिति अध्यक्ष नीरज सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव की साधारण सभा एवं विभिन्न धार्मिक लाभार्थी चढ़ावों की जाजम रविवार, 31 मई को प्रात: 9.15 बजे कुंवर मंडली स्थित श्री राजेंद्र आराधना भवन में आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 8.30 बजे नवकारसी होगी, जिसके पश्चात चढ़ावे प्रारंभ होंगे. गौरतलब है कि नित्यसेन सूरीश्वरजी आदि ठाणा एवं साधु-साध्वी वृंद का इंदौर में मंगल प्रवेश 19 जुलाई को होगा. यह चातुर्मास विशेष रूप से कलिकाल कल्पतरु विश्वपूज्य राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज साहब के जन्म के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समर्पित रहेगा. ट्रस्ट अध्यक्ष धनराज संघवी एवं सचिव महेंद्र बागवाला ने बताया कि केसर वाटिका में लगभग 10,000 वर्गफीट का विशाल प्रवचन पंडाल, साधु-संतों के निवास की व्यवस्था तथा 8,000 वर्गफीट की विशाल भोजनशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है. राजेश जैन, युवा मीडिया समन्वयक ने बताया कि देशभर के 300 से अधिक श्रीसंघों से लगभग 5,000 श्रद्धालु बाहर से तथा इंदौर सकल समाज से मंगल प्रवेश के अवसर पर 10000 श्रद्धालु, कुल लगभग 15,000 श्रद्धालु एवं चतुर्विध संघ गुरु भगवंतों की आगवानी करेंगे। वहीं संपूर्ण चातुर्मास अवधि में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है.

# प्रेमिका को महंगे गिफ्ट देने कर्मचारी ने ही की थी दुकान में चोरी

- संयोगितागंज पुलिस ने 48 घंटे में आशिक चोर को दबोचा
- आरोपी के पास से 1.71 लाख रुपए नकद बरामद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक दुकान से 1.71 लाख रुपए की चोरी का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया. मामले में दुकान का ही कर्मचारी ही चोर निकला, जिसने अपनी प्रेमिका को महंगे गिफ्ट देने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.**

मामला शनिवार 23 मई की रात का है, जब मुराई मोहल्ला स्थित दुकान से अज्ञात बदमाश नगदी चोरी कर फरार हो गया था. फरियादी अमन अग्रवाल ने 24 मई को थाने पहुंचकर करीब 1.71 लाख रुपए चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित की गई. पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के करीब 100 सीसीटीवी (सीसीटीवी कैमरा) फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों को चिन्हित किया.

**शक होने पर कर्मचारी से सख्त पूछताछ में हुआ खुलासा-** जांच के दौरान शक की सुई दुकान में काम करने वाले युवक कीर्तन सिरसाटे पर आकर टिक गई. पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया. आरोपी ने बताया कि उसे पता था कि मालिक गल्ले में पैसे कहां रखते हैं. इसी जानकारी का फायदा उठाकर उसने मौका पाकर चोरी कर ली. हैरानी की बात यह रही कि चोरी के बाद भी आरोपी अगले दिन सामान्य तरीके से दुकान पर काम करने पहुंच गया और पुलिस की पूछताछ के दौरान भी खुद को बेगुनाह बताता रहा.

### आरोपी को गिरफ्तार कर की जा रही आगे की कार्रवाई

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसे अपनी प्रेमिका के महंगे शौक पूरे कराने और उसे गिफ्ट देने के लिए पैसों की जरूरत थी. इसी वजह से उसने यह कदम उठाया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई पूरी रकम 1 लाख 71 हजार रुपए बरामद कर ली है. आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. मामले में थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को चिन्हित किया. आरोपी ने सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. तुरंत कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर पूरा माल बरामद कर लिया गया.

# 28 लाख से अधिक की ठगी में महिला गिरफ्तार

**इंदौर.** ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर शहर के एक डॉक्टर से 28 लाख रुपए की ठगी करने वाली दिल्ली की युवती को साइबर सेल ने इंदौर एयरपोर्ट के बाहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

एक डॉक्टर ने सोशल मीडिया पर लोन सारथी के विज्ञापन के जरिए संपर्क किया था. इसके बाद रितिका नाम की युवती ने कम ब्याज पर लोन दिलाने का भरोसा देकर प्रोसेसिंग फीस, मार्जिन मनी और अन्य चार्जेस के नाम पर अलग अलग किश्तों में 28 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए. शक होने पर आरोपी ने 2 लाख रुपए वापस कर भरोसा दिलाया, लेकिन बाकी रकम नहीं लौटाई. शिकायत के बाद साइबर सेल ने खाते फ्रीज कर जांच शुरू की. इसी दौरान आरोपी ने समझौते के लिए संपर्क किया, जिस पर पुलिस ने ट्रैप प्लान कर उसे इंदौर बुलाया.

### हरिद्वार की रहने वाली है आरोपी युवती

युवती फ्लाइट से जैसे ही पहुंची और एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. पूरी कार्रवाई एसपी सव्यसाची सराफ के निर्देशन में की गई है. टीआई दिनेश वर्मा ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी मूल रूप से हरिद्वार की रहने वाली है और दिल्ली में रहकर ठगी कर रही थी. उसके खिलाफ महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस अब उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है.

# इंदौर मंडी प्रशासन की चुप्पी और संदिग्ध कार्यप्रणाली के खिलाफ किसानों में भारी आक्रोश

- अवैध कमीशन वसूली एवं सीलबंद 164 नं. दुकान पवन चौहान एंड ब्रदर्स के पुन: संचालित होने पर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना (अ) ने उठाए गंभीर सवाल

**इंदौर.** चोईथराम सब्जी मंडी में किसानों से अवैध कमीशन वसूली, मंडी नियमों की खुलेआम अवहेलना एवं सीलबंद दुकान को पुन: संचालित किए जाने के मामले में भारतीय किसान एवं मजदूर सेना (अ) ने मंडी प्रशासन के खिलाफ कड़े शब्दों में नाराजगी व्यक्त की है. संगठन ने आरोप लगाया है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासन जानबूझकर दोषियों को संरक्षण देने का कार्य कर रहा है.

प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव ने कहा कि संगठन द्वारा दिनांक 28/04/2026 एवं 14/05/2026 को मंडी बोर्ड आंचलिक कार्यालय, इंदौर को लिखित शिकायतें भेजकर पूरे मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन आज तक न तो निष्पक्ष जांच की गई और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई सामने आई. इससे साफ प्रतीत होता है कि मंडी प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है. संगठन ने आरोप लगाया कि जिन व्यापारियों के खिलाफ शिकायतें की गई थीं, उनकी दुकान को पूर्व में सीलबंद किया गया था, लेकिन अब वही दुकान दोबारा संचालित हो रही है. यह स्थिति बेहद गंभीर एवं संदेहास्पद है और सीधे तौर पर प्रशासनिक मिलीभगत की ओर इशारा करती है. भारतीय किसान एवं मजदूर सेना (अ) ने कहा कि यदि किसानों के साथ खुलेआम हो रहे आर्थिक शोषण पर भी प्रशासन कार्रवाई करने से बचता है, तो यह किसानों के विश्वास के साथ विश्वासघात है. किसानों से अवैध रूप से वसूली गई राशि वापस दिलाने के बजाय शिकायतों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है.

### पूरे प्रदेश में हो उच्च स्तरीय जांच

संगठन ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के साथ-साथ संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए. साथ ही अब तक की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए. प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन किसानों के हित में बड़ा आंदोलन, उच्च स्तरीय शिकायत एवं विधिक लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मंडी प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों की होगी.

# तुकोगंज पुलिस ने दो स्थानों से 6 सटोरिये और जुआरियों को दबोचा

- यशवंत क्लब के बाहर लिख रहा था सट्टा पर्ची, खाईवाल भी धराया
- बाल विनय मंदिर स्कूल के पीछे 'मांग पत्ती' खेलते 4 जुआरी दबोचे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत तुकोगंज पुलिस ने 24 घंटे में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. मौके से सट्टा पर्चियां, ताश के पत्ते, मोबाइल और नकदी जब्त की गई है.**

पुलिस के अनुसार, पहली कार्रवाई यशवंत क्लब के मेन गेट के पास की गई, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर सट्टा लिख रहे आरोपी हेमंत वर्मा को पकड़ा. पूछताछ में उसने अपने मेन खाईवाल वाहिद लाला उर्फ वाहिद अंसारी का नाम बताया, बाद में पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया. हेमंत के पास से हाथ से लिखी 4 सट्टा पर्चियां, 800 रुपए नकद, एक पेन और सैमसंग गैलेक्सी ए-23 मोबाइल जब्त किया. आरोपी सट्टे का पूरा हिसाब अपने आका को भेजता था. दोनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा में केस दर्ज किया है.

### बिजली के खंभे के नीचे खुलेआम खेल रहे थे जुआ

पुलिस ने दूसरी कार्रवाई नए रेलवे स्टेशन के पास बाल विनय मंदिर स्कूल की दीवार के पीछे की. यहां चार युवक बिजली के खंभे के नीचे खुलेआम ताश पत्तों पर मांग पत्ती खेल रहे थे. पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपियों के नाम मनीष, विकास, अभिषेक और शिवम बताए गए हैं. सभी आरोपी गोमा की फैल क्षेत्र के रहने वाले हैं. इनके पास से 52 ताश के पत्ते और 1100 रुपए नकद जब्त किए गए. थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि चारों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# चरित्र मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी : पं. प्रपन्नाचार्य

- हरिधाम आश्रम पर राम कथा में केवट-राम प्रसंग

**इंदौर. चरित्र मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी होता है. आज हमारी युवा पीढ़ी चरित्र के मामले में भटक रही है. नैतिक मूल्यों और संस्कृति से विमुखता के कारण समाज में अनेक विकृतियाँ आ रही हैं. प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल में समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों को गले लगाकर हजारों बरस पहले अन्त्योदय का सन्देश दे दिया था. राम-केवट प्रसंग रामायण का सबसे अनूठा और अनुकरणीय प्रसंग है. भगवान का समूचा चरित्र निर्दोष है इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है.**

ये विचार हैं श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज के, जो उन्होंने हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर चल रही राम कथा में बुधवार को प्रभु श्रीराम के वनवास गमन के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में राम-केवट संवाद का भावपूर्ण प्रसंग और वृन्दावन से आए भजन गायकों एवं संगीतज्ञों की प्रस्तुतियों ने आज भी हजारो भक्तों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा. कथा शुभारंभ के पूर्व आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, रेरा के प्रमुख पीसी गुप्ता, न्यायाधीश अर्पित गुप्ता, ललित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, विजय सिंह राणा ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी सीताराम नरेडी, ओमप्रकाश अग्रवाल, गुमान सिंह ठाकुर एवं गोपाल गोयल आदि ने की. कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन शहर के साथ आसपास के 25 गांवों के श्रद्धालु भी आ रहे हैं. हरिधाम पर सुबह 8 से दोपहर 1.30 बजे तक हनुमत महायज्ञ और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीराम कथा में भक्तों का सैलाब निरंतर बना हुआ है.

### हनुमत महायज्ञ

आश्रम पर यज्ञाचार्य पं. ललित पाठक के निर्देशन में 51 विद्वानों ने आश्रम परिसर में निर्मित यज्ञशाला में चल रहे हनुमत महायज्ञ में प्रतिदिन 1 लाख 60 हजार आहुतियाँ विद्वानों एवं यजमानों द्वारा समर्पित की जा रही हैं. अब तक यहाँ 11 लाख लक्ष्य के मुकाबले 8 लाख आहुतियाँ समर्पित की जा चुकी हैं.

# वैज्ञानिक शोध एवं होम्योपैथी शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एके द्विवेदी की सराहना

**इंदौर।** केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं शिक्षाविद् डॉ. अश्विनी कुमार द्विवेदी (डॉ. ए.के. द्विवेदी) के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड में सदस्य के रूप में दिए गए बहुमूल्य योगदान की औपचारिक सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया है. परिषद ने उनके कार्यकाल के दौरान वैज्ञानिक अनुसंधान, शैक्षणिक मार्गदर्शन तथा सक्रिय सहभागिता को अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी बताया है. सीसीआरएच देश में होम्योपैथी अनुसंधान की प्रमुख संस्था है, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण से होम्योपैथिक चिकित्सा के विकास एवं शोध कार्यों को प्रोत्साहित करती है.

डॉ. ए.के. द्विवेदी ने अपने अनुभव, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शिक्षा के प्रति समर्पण के माध्यम से न केवल होम्योपैथी अनुसंधान गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की, बल्कि विद्यार्थियों और युवा शोधकर्ताओं को भी निरंतर प्रेरित किया. परिषद ने माना कि उनके मार्गदर्शन, विशेषज्ञता और दूरदर्शी सोच से वैज्ञानिक गतिविधियों को सशक्त आधार प्राप्त हुआ तथा अनुसंधान कार्यों में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा मिला. अपने कार्यकाल के दौरान डॉ. द्विवेदी ने शिक्षा, अनुसंधान और समाजसेवा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का सतत प्रयास किया. उनका योगदान केवल संस्थागत दायित्वों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता, एनीमिया उन्मूलन, जनजागरण और समाजहित के विभिन्न अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में डॉ. ए.के. द्विवेदी आयुष मंत्रालय के अंतर्गत शिलांग स्थित नार्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी की साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी के सदस्य हैं. इसके साथ ही वे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की कार्य परिषद के सदस्य के रूप में भी महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे हैं.

# 11 सौ पुष्प व तुलसी से की गई भगवान टीकमजी-रणछोड़जी की अर्चना

**इंदौर.** प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में 108 विद्वानों द्वारा महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 श्रीमद भागवत पारायण के दिव्य अनुष्ठान में बुधवार को पद्मिनी एकादशी के उपलक्ष्य में मठ स्थित भगवान पुरुषोत्तम, रणछोड़जी, पंचमुखी हनुमान, टीकमजी एवं हंसेश्वर महादेव सहित अन्य देवालयों पर 1100 पुष्प एवं तुलसी से पूजन-अर्चन किया गया. विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों भक्तों ने भागवत का मूल पारायण कर रहे ब्राह्मणों का स्वागत कर भागवत जी का पूजन भी किया.

मठ पर आचार्य पं. राजेश शास्त्री के निर्देशन में अधिकमास के प्रसंग पर विभिन्न शास्त्रोक्त अनुष्ठान चल रहे हैं. पुजारी महंत अमितदास ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा यह दिव्य अनुष्ठान किया जा रहा है जो 15 जून तक चलेगा.

## एक नजर में | अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन का गंगा अमृत महोत्सव

# महिलाओं ने ली पानी बचाने की सामूहिक शपथ

**इंदौर.** गंगा और नर्मदा नदियां जीवनदायिनी नदियां हैं. आज यह कल कल बहकर हमें ना केवल पानी दे रही है अपितु जल सहेजने का संदेश भी दे रही हैं. गंगा अमृत महोत्सव का यह आयोजन तभी सफल माना जाएगा कि जब हम बूंद बूंद पानी सहेजने संकल्प लें. हमें इस संकल्प पर वास्तविक रूप से अमल भी करना पड़ेगा.

यह विचार नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य ने अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा विट्ठल रुक्मणी गार्डन पर आयोजित गंगा अमृत महोत्सव के दूसरे दिन व्यक्त किये. आपने कहा कि हमारी आध्यात्मिक ऊर्जा तभी हमारा साथ देगी जब हम प्रकृति की ओर ध्यान देंगे. अभी हम घोर विकृति की ओर बढ़ रहे हैं. यदि हमने अपने आपको नहीं बदला तो वह दिन दूर नहीं जब हमें पानी के त्राहिमाम का सामना करना पड़ेगा. इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं एवं अतिथियों ने पानी बचाने की सामूहिक शपथ लेकर जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया. मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उपस्थित सभी जनों को जल संवर्धन, जल संरक्षण की शपथ दिलवाई और कहा कि सब लोग अपने घरों में जल की ज्यादा से ज्यादा बचत करें, व छत के पानी को जमीन में पहुंचाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग जरूर करें।

### गंगा आरती की मनोहारी प्रस्तुति

श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ चल रहे इस आयोजन में बनारस की दिव्य गंगा आरती की मनोहारी प्रस्तुति ने सभी को आध्यात्मिक भावों से सराबोर कर दिया. इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका अलका माहेश्वरी, अर्चना गांधी, सारिका काबरा, सोनाली मानधनिया संस्था अध्यक्ष पूनम मालपानी, सचिव अर्चना के. माहेश्वरी, निवृत्तमान अध्यक्ष सीमा माहेश्वरी सहित जिला अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, मनोज धूत, मुकेश असावा, मनीष बिसानी, अक्षत झंवर आदि भी मौजूद थे।